यूपी का ग्रोथ सेंटर बनेगा गौतमबुद्धनगर : मुख्यमंत्री

अमर उजाला ब्यूरो

ग्रेटर नोएडा। गौतमबुद्धनगर उत्तर प्रदेश का चेहरा है। इसे प्रदेश के ग्रोथ सेंटर के तौर पर विकसित करना है। नोएडा-ग्रेटर नोएडा में दुनिया भर के लोग रहते हैं। लेकिन यहां की छवि खराब है। ऐसे में नोएडा, ग्रेटर नोएडा और यमुना प्राधिकरण को अपनी इमेज सुधारने पर काम करना चाहिए। तीनों प्राधिकरण में तैनात अधिकारी या कर्मचारी यदि मानकों के विपरीत काम करता है तत्काल उसे बाहर का रास्ता दिखाया जाना चाहिए। शुक्रवार को गौतमबुद्ध विश्वविद्यालय (जीबीयू) में आयोजित तीनों प्राधिकरणों की समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस बावत निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विकास की परियोजनाओं को समय से पहले और गुणवत्ता के साथ पूरा कराने को कहा। साथ ही अधिकारियों को जनता और जनप्रतिनिधियों के साथ-साथ प्रत्येक हितधारकों के साथ संवाद स्थापित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि लगातार संवाद से समस्याएं दूर होंगी साथ ही लोगों में सरकार के प्रति विश्वास बढ़ेगा। समीक्षा बैठक में उन्होंने शहरों के साथ-साथ गांवों के विकास पर करने की बात कही। साथ ही स्पष्ट किया कि प्राधिकरणों के पास जितनी जमीन कब्जे में हो उतने का ही आवंटन करें। जिससे आवंटियों को पहले की तरह परेशान नहीं होना पड़े। समीक्षा बैठक में उनके साथ प्रभारी राज्यमंत्री ब्रजेश सिंह भी मौजूद रहे।

मुख्यमंत्री योगी ने कहा- जनता से संवाद बढ़ाएं अधिकारी-जनप्रतिनिधि

श्रीराम मंदिर का विद्युत कनेक्शन पूरा होने पर सीएम ने दी बधाई

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अयोध्या में बन रहे भव्य श्रीराम मंदिर के विद्युत कनेक्शन का काम पूरा होने पर बधाई दी है। मुख्यमंत्री ने एक्स पर लिखा कि श्री अयोध्या धाम में प्रभु श्रीराम का निर्माणाधीन भव्य व दिव्य मंदिर आज विद्युत कनेक्शन से परिपूर्ण हो गया। इस राष्ट्र मंदिर को जगमग करने का अभूतपूर्व कार्य करने वाले यूपीपीसीएल का धन्यवाद। इस बहुप्रतीक्षित रामकाज के संपन्न होने की सभी राम भक्तों व प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई। ब्यूरो